डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
**Office :** Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांक : COE-942 / पत्रा.सीओई–42 / डीएसएमएनआरयू / स्पे0ब0पे0प0–2021 / 2020–21 दिनांक 11 02.2021

# आवश्यक सूचना–द्वितीय

**(स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 के लिये ऑन–लाइन आवेदन के संबंध में)**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की 8वीं बैठक के निर्गत कार्यवृत्त पत्रांक सी.ओ.ई.–209 दिनांक 29.01.2021 में लिये गये निर्णयानुसार निर्दिष्ट शर्तो / प्रतिबन्धों के अधीन विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् रहे ऐसे विद्यार्थी जिनका किसी विषय / प्रश्न–पत्र में SGPA/CGPA 5.6 से कम हो अथवा अनुत्तीर्ण (F ग्रेड) हो, अर्थात पूर्व में आयोजित मिड सेमेस्टर टेस्ट / मौखिकी / प्रायोगिक एवं सेमेस्टर परीक्षाओं में अनुपस्थित एवं अनुत्तीर्ण विषयों / प्रश्न–पत्रों हेतु उनके भविष्य के दृष्टिगत एक अंतिम अवसर प्रदान करते हुए स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 हेतु ऑन लाइन आवेदन भराये जाने के संबंध में पूर्व में निर्गत आवश्यक–सूचना पत्रांक सी.ओ.ई–211 दिनांक 30.01.2021 में उल्लिखित व्यवस्थानुसार संबंधित अर्ह / पात्र विद्यार्थियों की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 सम्पन्न कराये जाने के लिये शपथ–पत्र एवं निर्धारित शुल्क प्राप्त करते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन लाइन परीक्षा आवेदन की समयावधि दिनांक 30.01.2021 से दिनांक 10.02.2021 तक निर्धारित की गई थी। तत्क्रम में कोविड–19 के प्रकोप की पृष्ठभूमि में उनके भविष्य के दृष्टिगत विद्यार्थी हित में माननीय कुलपति महोदय द्वारा शिथलीकरण प्रदान करते हुए प्रदत्त अनुमोदन के क्रम में पुनः अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए निम्नानुसार संबंधित अर्ह / पात्र विद्यार्थियों की परीक्षा स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 के अन्तर्गत सम्पन्न कराये जाने के लिये विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन लाइन परीक्षा आवेदन दिनांक **20.02.2021 तक** आमंत्रित किये जाते हैं–

**बिन्दु संख्या–01**

**(अ)** विश्वविद्यालय द्वारा संचालित शैक्षणिक सत्र 2019–20 की सेमेस्टर / वार्षिकी परीक्षा मई–2020 में प्रतिभाग कर चुके अर्थात जिनके पाठ्यक्रम की अवधि शैक्षणिक सत्र 2019–20 में पूर्ण हो चुकी हैं, ऐसे उपर्युक्तानुसार अर्ह / पात्र विद्यार्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 में आवेदन किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**(ब)** वे विद्यार्थी जिनके द्वारा शैक्षणिक सत्र 2019–20 के अन्तर्गत सत्रान्त परीक्षा माह–मई–2020 में आयोजित समस्त संचालित पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर / वर्ष की परीक्षा हेतु आवेदन किया गया था परन्तु कोविड–19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न संकट की विषम परिस्थिति / अपिरहार्य कारणों से उक्त परीक्षाओं में प्रतिभाग करने में असमर्थ / वंचित रहे हैं, को भी अंतिम अवसर प्रदान करते हुए स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 में आवेदन किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**(स)** उक्त के साथ–साथ विगत् वर्षों की अंतिम सेमेस्टर / वार्षिकी परीक्षाओं (माह मई–2014 से माह मई–2019 तक प्रतिभाग कर चुके) में अध्ययनरत् रह चुके ऐसे विद्यार्थीगण भी जिनके द्वारा पूर्व में आयोजित स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2020 में प्रतिभाग करने के लिये किन्ही कारणों से आवेदन / प्रतिभाग नहीं किया जा सका है के साथ–साथ स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2020 की आयोजित परीक्षा में अनुत्तीर्ण विषयों / प्रश्न–पत्रों हेतु उन विद्यार्थियों को कोविड–19 के प्रकोप की पृष्ठभूमि में उनके भविष्य के दृष्टिगत विद्यार्थी हित में पुनः एक अंतिम अवसर प्रदान करते हुए स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 में आवेदन किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है जिसे भविष्य में दृष्टान्त नहीं माना जायेगा।

**बिन्दु संख्या–02** इस संबंध में स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 के अन्तर्गत प्रतिभागी / आवेदित / संबंधित विद्यार्थियों को इस आशय का शपथ–पत्र भी अनिवार्य रूप से आवेदन के साथ प्रस्तुत किया जायेगा कि **"स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 के अन्तर्गत सम्बन्धित प्रश्न–पत्र / विषय में पुनः एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने की अनुमति इस शर्त के अधीन दी जाती है कि ऐसे समस्त विद्यार्थियों को दिया जाने वाला यह अन्तिम अवसर होगा,**

क्रमशः...........02.

**इसके पश्चात् इस संबंध में कोई अतिरिक्त अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा तथा यह भविष्य के लिये दृष्टान्त नहीं माना जाएगा। संबंधित विद्यार्थी की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया जाने वाला संबंधित परीक्षा परिणाम अन्तिम व सर्वमान्य होगा।" उक्त परीक्षा को भविष्य के लिये दृष्टान्त नहीं माना जायेगा।**

**बिन्दु संख्या–03** उपर्युक्तानुसार स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 के अन्तर्गत परीक्षा की विभिन्न विधाओं में निम्नानुसार निर्धारित किये गये शुल्क को विश्वविद्यालय के दिशा–निर्देशानुसार आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगाः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | थ्योरी पेपर | रू0 500/–प्रति प्रश्न–पत्र। |
| 2. | प्रायोगिक परीक्षा (आन्तरिक एवं वाह्य) | रू0 1000/–प्रति प्रश्न–पत्र। |
| 3. | आंतरिक परीक्षा (मिड सेमेस्टर, प्रोजेक्ट, प्रजेन्टेशन, मौखिकी आदि) | रू0 250/–प्रति प्रश्न–पत्र। |

**बिन्दु संख्या–04** तत्क्रम में उपरोक्तानुसार पात्र विद्यार्थियों/परीक्षार्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि निम्नलिखित व्यवस्थानुसार ऑन लाइन परीक्षा आवेदन भरा जाना सुनिश्चित करें:–

**4.1)** स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 हेतु विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थाओं के अर्ह/पात्र विद्यार्थी/परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://govexams.com/dsmnru/login.aspx के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये दिनांक **दिनांक 20.02.2021 तक परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।** विद्यार्थी उक्त ऑन लाइन आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति अपने विभाग/संस्था में जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास भी रिकार्ड हेतु सुरक्षित रखें।

4.2) उपर्युक्तानुसार **स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 के लिये पूर्व में दिये गये किसी भी शुल्क को उक्त परीक्षा शुल्क में समायोजित नहीं किया जायेगा, अर्थात निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करना अनिवार्य है।** ऑन लाइन आवेदन–पत्र एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क को संबंधित खाता संख्या में जमा किये बिना उक्त परीक्षा में प्रतिभाग नहीं करने दिया जायेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबधित विद्यार्थी/विभाग/संबंधित संस्थान की होगी। स्पेशल बैक पेपर परीक्षा हेतु परीक्षा की विभिन्न विधाओं में बिन्दु संख्या–03 के अनुसार निर्धारित शुल्क को परीक्षा–आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगाः–

**(क)** उक्त परीक्षा हेतु आवेदन करने वाले विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, (बी0टेक को छोड़कर) निर्धारित शुल्क को बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra Rehabilitation University, Lucknow के नाम से **संचालित खाता संख्या–36510100000025 (IFSC-BARB0MOHAAN) में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑन लाइन जमा करेंगे।**

**(ख)** विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय (बी.टेक. पाठ्यक्रम) के स्पेशल बैक पेपर हेतु आवेदन करने वाले विद्यार्थी, निर्धारित शुल्क को बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित **खाता संख्या–36510100007893 (IFSC-BARB0MOHAAN) में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑन लाइन जमा करेंगे।**

**(ग)** विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थाओं के नियमानुसार स्पेशल बैक पेपर हेतु आवेदन करने वाले विद्यार्थी/आवेदक निर्धारित शुल्क को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra Rehabilitation University, Lucknow (Affiliation Account) के नाम से **संचालित खाता संख्या–36510100007244(IFSC-BARB0MOHAAN) में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे।**

**(घ)** ऐसे विद्यार्थी/परीक्षार्थी जिनके पास RTGS/NEFT की सुविधा किन्ही कारण वश उपलब्ध नहीं हो पा रही है वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट से संबंधित चालान प्रपत्र को डाउनलोड कर वांछित

**क्रमशः........03**

डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
**Office :** Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in



सूचना भरकर विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के द्वितीय तल पर स्थित काउन्टर से हस्ताक्षर आदि की औपचारिकता पूर्ण कराते हुए निर्धारित शुल्क को विश्वविद्यालय के संबंधित खाता में जमा करना सुनिश्चित करें।

**बिन्दु संख्या–05** ऑन लाइन परीक्षा आवेदन प्रेषण की समस्या हेतु **हेल्प लाइन नं0–8737036906** पर सम्पर्क करें।

उपरोक्त के क्रम में आवेदकों से अपेक्षित है कि परीक्षा आवेदन में सही एवं स्पष्ट सूचना/विवरण अंकित करें तथा उसकी हार्ड कॉपी के साथ आवश्यक संगत अभिलेखों (चालान/शपथ–पत्र के प्रारूप विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है) को संलग्न करना अनिवार्य है। परीक्षा आवेदन के साथ संलग्न किया जाने वाला शपथ–पत्र का प्रारूप भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है।

परीक्षा आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न किये जाने वाले संगत अभिलेखों का विवरण–

- फाइनल सेमेस्टर एवं जिस सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण है, उसकी अंकतालिका की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
- स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2020 में अनुत्तीर्ण परीक्षाफल/अंकतालिका की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
- जमा किये गये निर्धारित शुल्क के संगत अभिलेख की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
- आवेदक द्वारा परीक्षा आवेदन के साथ दिया जाने वाला शपथ–पत्र।

यदि किसी भी स्तर पर परीक्षा आवेदन में दी गई सूचना/विवरण असत्य, भ्रामक, अपूर्ण, अपठनीय/अस्पष्ट पाई जाती है तो विश्वविद्यालय को परीक्षा आवेदन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा उसे उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने नहीं दिया जायेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित आवेदक की होगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक : COE-242 /पत्रा.सीओई–42/डीएसएमएनआरयू/स्पे0ब0पे0प0/2020–21 दिनांक 11 02.2021

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त के अनुपालन में अपने स्तर से भी संबंधित विद्यार्थियों को निर्देशित/सूचित करने का कष्ट करें तथा संबंधित विद्यार्थियों के प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों (मय संलग्नक सहित) को अग्रसारित करते हुए सूचीबद्ध विवरण सहित परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जमा कराने का कष्ट करें।
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, विश्वविद्यालय।
6. सिस्टम एनॉलिस्ट, विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
7. सहायक कुलसचिव (शैक्षिक), विश्वविद्यालय।
8. विभागीय पटल सहायक, को अनुपालनार्थ।
9. उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान को अपने स्तर से भी संबंधित अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा ऑन लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र की हार्ड–कापी (मय संलग्नक, अनिवार्य रूप से जमा किये गये परीक्षा शुल्क सम्बंधी अभिलेख सहित) परीक्षणोंपरान्त अग्रसारित करते हुए उसको सूचीबद्ध विवरण सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।
10. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।

11/2/21

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
**Office :** Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

# शपथ–पत्र का प्रारूप

## (स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 हेतु आवेदन के संदर्भ में)

मैं (विद्यार्थी का नाम)..........................................................पुत्र/पुत्री........................................ अनुक्रमांक.. ..................................................यह वचन देता/देती हूँ कि मैं डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय (यदि है, तो नाम उल्लेख करें)................................ ..................................................................................................................................द्वारा संचालित पाठ्यक्रम. ..........................................बैच..................................के अंतिम सेमेस्टर/वर्ष की .................................की अधिसत्र/अधिसत्रान्त/वार्षिकी/स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2020/परीक्षा माह......................वर्ष..........की नियमित/बैक पेपर परीक्षा/परीक्षायें दी जा चुकी है/अथवा किन्ही कारणोंवश छूट गई हैं/जिसमें मैं अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण.................................................................................................................................या जो भी लागू हो, का उल्लेख करें) था।

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शर्तो/प्रतिबन्धों एवं व्यवस्था के अधीन आयोजित की जाने वाली स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 के अन्तर्गत सम्बन्धित प्रश्न–पत्र/विषयों में निर्धारित प्राप्तांक प्राप्त करने हेतु निर्धारित शुल्क जमा करते हुए मुझे पुनः एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने की अनुमति प्रदान की गई है। तदनुसार विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में प्रदत्त समस्त आदेशों/दिशा–निर्देशों का अनुपालन करते हुए मेरे द्वारा परीक्षा–आवेदन किया गया है।

उक्त स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 के अन्तर्गत संबंधित विषय/प्रश्न–पत्रों की परीक्षा में प्रतिभाग हेतु निर्धारित शुल्क एवं प्रवजन प्रमाण–पत्र (माइग्रेशन सर्टिफिकेट) को विश्वविद्यालय में जमा किया गया है, परीक्षा आवेदन के साथ संबंधित समस्त आवश्यक संगत अभिलेख संलग्न किये गये हैं। इस प्रकार परीक्षा आवेदन में दी गई समस्त सूचनायें एवं विवरण पूर्णतया सत्य, सही एवं स्पष्ट है।

यदि किसी भी स्तर पर परीक्षा आवेदन में दी गई सूचना/विवरण असत्य, भ्रामक व अस्पष्ट पाई जाती है तो विश्वविद्यालय को मेरा परीक्षा आवेदन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा मुझे परीक्षा में प्रतिभाग करने का अवसर नहीं दिया जायेगा, जो मुझे सर्वमान्य होगा।

उक्त पाठ्यक्रम की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 हेतु मुझे प्राप्त यह अवसर, अन्तिम अवसर होगा। इसके पश्चात् इस संबंध में कोई अतिरिक्त अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा। स्पेशल बैक पेपर परीक्षा के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया जाने वाला संबंधित परीक्षा परिणाम अन्तिम व सर्वमान्य होगा।

भविष्य के लिये इसे किसी भी स्तर पर संबंधित अन्य प्रकरणों में दृष्टान्त नहीं माना जाएगा।

**विद्यार्थी/आवेदक का हस्ताक्षर**
**नाम व दिनांक सहित..................................................**